## संक्षिप्त

### सड़क निर्माण में देरी से ग्रामीणों में रोष

**नारायणपुर ।** दो महीने पहले नारायणपुर से बास गोरधन तक बनने वाली 2 किलोमीटर लंबी नॉन पेचेबल मिसिंग लिंक सड़क का शिलान्यास विधायक देवीसिंह शेखावत ने बड़े समारोह के साथ किया था। लगभग 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य में देरी से ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि शिलान्यास के समय अधिकारियों ने जल्द निर्माण कार्य शुरू करने और इसे समय पर पूरा करने का वादा किया था, लेकिन अब तक सड़क पर कोई काम शुरू नहीं हुआ। टूटी और जर्जर सड़कों के कारण स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य में देरी के पीछे प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। इस मामले में पीडब्ल्यूडी एक्सईएन नीलम पूनिया ने कहा कि नारायणपुर से बास गोरधन सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

### योजनाओं की दी जानकारी

**निवाई।** सामुहिक विकास संस्थान एवं जन विकास मंच के संयुक्त तत्वावधान में गांव सूरिया में कालबेलिया समाज के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल में नियमित रूप से भेजने के लिए प्रेरित किया। संस्था सचिव मुन्नालाल राव ने कालबेलिया समाज के लोगों को शमशान भूमि आवंटन के लिए पंचायत में प्रस्ताव देने सहित कई योजनाओं की जानकारी दी। कोरो इंडिया प्रतिनिधि सीमा जांगिड़ ने उनके द्वारा निर्मित कलाकृतियों का अवलोकन किया एवं उत्पादों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु फैसिलिटेट किया। मंच के अध्यक्ष विश्राम कालबेलिया ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए विचार व्यक्त करते हुए आगामी दिशा एवं रणनीति से अवगत कराया।

### ललिताजिले मे रही प्रथम स्थान पर

**मालपुरा ।** नोवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये राष्ट्रव्यापी अभियान देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान मे राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय मालपुरा प्रभारी डॉ. ललिता वर्मा जिला स्तर पर प्रथम विजेता रही। यह अभियान 26 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित किया गया था। अभियान का मुख्य उदेश्य आमजन को आयुर्वेद से जोडना था। प्रशिक्षण अभियान मे डॉ. ललिता वर्मा ने टोंक जिले मे सर्वाधिक जांच कर प्रथम स्थान पर रही।

### शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत कुजोता में अजय सिंह राजपूत द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढकर रक्तदान किया। वहीं आर्शीवाद ब्लड बैंक की टीम द्वारा कुल 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। ग्रामीणों ने शिविर संयोजक अजय सिंह का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर कुश्ती कोच धर्मवीर पहलवान, रामू सिंह, विजय सिंह, विनय सिंह, नरेन्द्र सिंह, हंसराज सिंह, गोलू, ज्ञानचंद, अजय मीणा, गजराज, सुमित मोरवाल, बिट्टू योगी, लोकेश धानका, दिलबाग, चौथमल, अशोक महाराज समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### करन्ट से श्रमिक की मौत

**टोंक।** उनियारा थाना क्षेत्र में स्थित खातोली जीएसएस में कार्य करते हुए करन्ट की चपेट में आने से एक श्रमिक की मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक होरीलाल पुत्र श्योनारायण मीणा उम्र 29 साल निवासी बाकड वाली देवली, खातोली जीएसएस में कार्य करते हुए करन्ट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई, मृतक के भाई पप्पू ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

### पौष बड़ा का आयोजन

**पीपलू ।** उपखंड क्षेत्र नानेर के श्रीखेड़ापति बालाजी मंदिर में शनिवार को पौषबड़ा महोत्सव मनाया गया। इस दौरान गतिमान सेवा तंत्र द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर बालाजी आरती के बाद प्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर पुजारी दिनेश पारीक, विनोद कुमार शर्मा, बुद्धिप्रकाश टेलर, सीताराम शर्मा, सियाराम सैनी, महेन्द्र चौधरी, कजोड गुर्जर सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने देखी सफाई व्यवस्था, गंदगी दिखाई देने पर सुधार के दिए निर्देश



जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला अधिकारियों के साथ शहर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते।

■ ऐतिहासिक बावडियों का संरक्षण करने एवं शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करने का किया आव्हान

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सुबह शहर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शहर की प्राचीन बावड़ियों के जीर्णोद्धार कराने, प्रमुख स्थानों पर अच्छे सार्वजनिक शौचालय बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नए साल में नई थीम पर शहर को साफ-सुथरा बनाने का लक्ष्य दिया। जिला कलक्टर ने शहर में सैनी धर्मशाला के पीछे सेठ की बावड़ी, करौली कुंड, गायत्री मंदिर रोड, कबीर कॉलोनी वार्ड नंबर-19 एवं कंपनी के सामने का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था फीडबैक लिया।

उन्होंने सेठ की बावड़ी सैनी धर्मशाला के पीछे बावड़ी का निरीक्षण कर नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि बावड़ी की साफ-सफाई व मरम्मत कार्य कराना सुनिश्चित करें। बावडियां हमारी ऐतिहासिक धरोहर हैं जिन्हें साफ-सुथरा व संरक्षित रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा क्लीन अलवर की दिशा में कार्य करते हुए एवं अलवर शहर की स्वच्छता रैंकिंग बेहतर करने के लिए साफ-सफाई व्यवस्था को सुधारने पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

इस कार्य में आमजन का सहयोग अपेक्षित है। स्वच्छता का संकल्प लेते हुए शहरवासी अपने घर व प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित कचरा पॉइंट अथवा ऑटो टिपर में डालकर जिला प्रशासन का शहर की साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने में सहयोग करें।

इसके उपरान्त उन्होंने करौली कुंड राजाजी के बास में बने सार्वजनिक शौचालय, कबीर कॉलोनी, गायत्री मंदिर रोड तथा तिलक मार्केट स्थित शौचालयों का निरीक्षण कर मरम्मत व रंग-रोगन कार्य कराकर पिंक टॉयलेट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि इन शौचालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करावे ताकि आसपास के लोगों एवं विशेष रूप से बाजार में आने वाली महिलाओं को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कबीर कॉलोनी स्थित नाले का निरीक्षण कर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे यथाशीघ्र साफ कराने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिये कि शहर के अन्य नालों की भी साफ-सफाई कराए जिससे कचरा एक स्थान पर एकत्रित नहीं रहे। उन्होंने तांगा स्टैंड पर शौचालय निर्माण तथा तांगा स्टैंड पर ही इंटर टाइल्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए की शहर में निरंतर साफ सफाई का कार्य सुचारू रूप से संचालित रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि सुनिश्चित करें कि कचरा संग्रहण हेतु ऑटो टिपर नियमित रूप से मोहल्लों व बाजारों में जावे।

### दो दिवसीय वार्षिक मेला कल से

**सिरस।** नाकेश्वर महादेव मंदिर नाका चौकी सिरस में दो दिवसीय वार्षिक मेला 30 व 31 दिसंबर को आयोजित होगा। मेले की पूर्व संध्या पर रविवार को मंदिर में भजन संध्या का आयोजन होगा। मेला समिति के कोषाध्यक्ष हरिराम गुर्जर व श्यामलाल योगी ने बताया कि दो दिवसीय मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा होंगे व विशिष्ट अतिथि प्रधान रामअवतार लांगडी व ठॉ. बृजराज सिंह होंगे।

मेले में घुड़ दौड़, ऊंट दौड़, पैदल दौड़ व तांगा दौड़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। मेले में तहसील स्तरीय छात्र-छात्राओं की प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। जिसमें कक्षा 10 व 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मेला समिति ने मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शनिवार को मेला समिति की बैठक आयोजित हुई।

# कोटपूतली-बहरोड़ जिला रहेगा बरकरार

■ 8 तहसीलों के कुल 12 लाख 96 हजार 477 लोगों का स्थाई पता बदलेगा

**कोटपूतली।** राजधानी जयपुर में शनिवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्रीमण्डल कैबिनेट की बैठक में कोटपूतली-बहरोड़ जिले को यथावत रखा गया है। कैबिनेट की बैठक के निर्णय की जानकारी जैसे ही मंत्री जोगाराम पटेल व सुमित गोदारा द्वारा प्रैस कॉन्फ्रेंस में दी गई, वैसे ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद जैसे ही नये जिलों के रिव्यु हेतु कमेटी का गठन किया गया था, वैसे ही नवगठित जिलों पर तलवार लटक गई थी। इसको लेकर चर्चायें आम थी कि शायद जिन जिलों को रद्द करना हो उनमें कोटपूतली-बहरोड़ का नाम भी शामिल हो जाये, हालांकि जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी एवं क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने कई बार अपने सम्बोधन में नवगठित जिले के बरकरार रहने का आश्वासन दिया था। कोटपूतली-बहरोड़ जिले को बरकरार रखने पर विधायक हंसराज पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित कैबिनेट सदस्यों, रिव्यु कमेटी व मंत्रीमण्डलीय उपसमिति का आभार व्यक्त किया है। कोटपूतली-बहरोड़ को जिला बरकरार रखने में विधायक हंसराज पटेल के निरन्तर प्रयासों के साथ-साथ केशवाना राजपूत व बहरोड़ के सौतानाला स्थित रीको औधोगिक क्षेत्र, नीमराणा व घीलोट के औधोगिक क्षेत्र, कोटपूतली स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी की फैक्ट्री की भी महत्वपूर्ण भुमिका रही।

आने वाले दिनों में राइजिंग राजस्थान समिट के तहत निवेश की प्रचुर सम्भावनाओं एवं प्रगति करते आर्थिक संसाधनों ने भी कोटपूतली-बहरोड़ को जिला बरकरार रखने में अपनी भूमिका निभाई है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में तत्कालीन गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के प्रयासों से विगत वर्ष 2023 के चुनावी बजट में कोटपूतली-बहरोड़ को जिला बनाया गया था। साथ ही प्रदेश में 17 नये जिलों व 03 नये सम्भागों की घोषणा की थी। जिसके बाद जिलों की संख्या बढकर 50 व सम्भाग 10 हो गये थे।

नवगठित कोटपूतली-बहरोड़ जिले की अधिसूचना जयपुर व अलवर जिले की तहसीलों को सम्मिलित करते हुये जारी की गई थी। चुनाव से कुछ समय पहले 04 अगस्त 2023 को जारी कर 07 अगस्त 2023 को जिले की स्थापना तत्कालीन गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव की अगुवाई में करते हुये शुभम चौधरी को प्रथम जिला कलक्टर व रंजीता शर्मा को नवगठित जिले का प्रथम पुलिस कप्तान नियुक्त किया गया था। लेकिन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के हारने के बाद प्रदेश में भजन लाल शर्मा की अगुवाई में भाजपा की सरकार बनने पर हालात बदल गये। नई सरकार का यह मानना था कि नये जिले व सम्भाग व्यावहारिक नहीं है। इनके गठन में वित्तीय संसाधन, जनसंख्या, संसाधनों की उपलब्धता, प्रशासनिक आवश्यकता, कानून व्यवस्था व सांस्कृतिक सामंजस्य समेत कई पहलुओं को अनदेखा किया गया। 18 विभागों में तो पद सृजित करने की कोशिश ही नहीं की गई।

बड़ी मात्रा में विभागों के ना पद सृजित हुये एवं ना ही कार्यालयों की व्यवस्था हुई। कुछ जिले तो ऐसे थे जिनमें 05 तहसीले भी नहीं थी। इसको लेकर राज्य सरकार ने जिलों के पुनरीक्षण हेतु रिव्यु कमेटी एवं मंत्रीमण्डलीय उप समिति का गठन भी किया गया। रिव्यु कमेटी ने सेवानिवृत आईएएस ललित के पंवार के नेतृत्व में अपनी सिफारिश मंत्रीमण्डलीय उपसमिति के समक्ष प्रस्तुत की।

# भगवान श्रीराम जानकी विवाह में उमड़े श्रद्धालु



श्रीराम कथा में मौजूद श्रद्धालु।

**निवाई।** हनुमान नगर की चल रही कथा में भगवान श्रीराम जानकी विवाह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पांडाल को गुबारों, फूल मालाओं व तोरण द्वार को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया एवं भगवान श्रीराम जानकी की भव्य झांकी सजाई गई। जिनके दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आचार्य कृष्णकान्त शास्त्री ने कहा कि ने व्यक्ति जब तक भगवान अनन्य भाव से भक्ति नहीं करेगा उसको सुख सुविधा की प्राप्ति नहीं होगी। युवाओ को प्रतिदिन सत्संग में जाना चाहिये तब ही संस्कार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है। इसलिए मृत्यु को शाश्वत सत्य कहा गया है। भोग व कामना की निवृत्ति से भक्ति प्रकट होती है और भक्ति जीव को ईश्वरीय प्रेम से मुक्ति की ओर ले जाती है। भक्ति के समक्ष वैराग्य व ज्ञान भी नतमस्तक होते हैं। भारतवर्ष में सैंकडों भक्तों ने अपनी प्रबल भक्ति से भगवान को प्रकट कर दर्शन किये हैं।

ऋषियों ने पुराणों व ग्रंथों के माध्यम से भक्त व भगवान की महिमा गाई है। उन्होंने कहा कि साधक को साधनों का उपभोग छोडक़र साधना में लगना चाहिए। महाराज ने राम-भरत मिलाप की विवेचना करते हुए कहा कि भरत जैसे भाई से सीख लेकर मानव को सदैव भातृभाव को जाग्रत कर साम्प्रदायिक सद्भाव की अलख जगानी चाहिए। प्रकाशदास महाराज किवाड़ा ने सभी भक्तों से गौ सेवा करने का अव्हान किया। श्रीराम कथा रस महोत्सव के दौरान मानस के भजनों पर महिलाओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस दौरान रामदरबार की महाआरती की गई। कथा में रामफूल शर्मा, जगदीश शर्मा, बुद्धिप्रकाश , श्याम बिहारी शर्मा, विनोद तिवाडी, विमल विजय, रवि अग्रवाल, पूरण सिंह, विमल विजय, अशोक पारीक, सावरमल शर्मा, बन्नालाल चौधरी, सुरेश स्वामी, केदार जाट, बलवन्त सिंह, गिर्राज जाट, रामअवतार, हनुमान, मनोज जैन व दयाराम जाट सहित कई भक्त मौजूद थे।

# सांभर जिला बनाने की बार एसोसिएशन की मांग पुनर्जीवित हुई

**सांभरझील, (निसं)।** पूर्ववर्ती सरकार के मुखिया अशोक गहलोत की ओर से सांभर को जिला बनाने की वर्ष 1952 से चल रही मांग को दरकिनार करते हुए महज यहां से 30 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत दूदू को जिले का दर्जा देकर सांभर के साथ सौतेला व्यवहार और क्षेत्र की जनता को जो दर्द दिया था। भजनलाल शर्मा ने दूदू जिले को कैंसिल करने की सिफारिश कर इस जख्म को भरने का काम जरूर किया है। नवीन जिला के संदर्भ में कोई निर्णय नहीं लिया गया है लेकिन क्षेत्रवासियों की बहतर साल पुरानी और वर्ष 2012 में बार एसोसिएशन की ओर से बुलंद तरीके से उठाई गई सांभर को जिला बनाने की मांग एक बार फिर से पुनर्जीवित हो गई है। सांभर जिला बनाने की मुहिम यूं तो सांभर में अनेक संगठनों की ओर से समय-समय पर उठाई जा चुकी है लेकिन बार एसोसिएशन की ओर से सांभर जिला बनाने के लिए जो नई गति और दिशा दी वह किसी से छिपी नहीं है। सांभर को उप जिले का दर्जा हासिल है, तमाम न्यायिक अधिकारी, अनेक सरकारी कार्यालयों की मौजूदगी, सांभर उपखंड से नावा जिला नागौर, रूपनगढ जिला अजमेर, राजधानी से नजदीकी इसके प्रमुख ठोस आधार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व नाम भूमि का दर्जा प्राप्त एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील, महाभारत एवं पौराणिक काल के अनेक हिंदू देवी देवताओं के मंदिर, अजमेर ख्वाजा साहब के पोते ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती की दरगाह, संत दादू दयाल की तपोभूमि, अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की नगरी, प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में शुमार मां शाकंभरी का मंदिर, सिंधी समाज का साध पुरसनाराम का मंदिर सहित अंग्रेजों के जमाने की बिछाई गई निरोगेज रेल लाइन, भारत सरकार का उपक्रम सांभर साल्ट, बंजारों की छतरियां, राजा-महाराजाओं व अंग्रेजों के जमाने की प्राचीन इमारतें यहां के गौरव को कायम किए हुए हैं।

सांभर को पर्यटन नगरी का दर्जा भी हासिल है और तमाम संसाधन सांभर जिले के लिए जो जरूरी मापदंड होने चाहिए उन सभी को पूरा करता है। दूदू जिला कैंसिल होने की सिफारिश से क्षेत्र में जबरदस्त खुशी व्याप्त है क्योंकि अब सांभर को स्वतंत्र रूप से जिले की मांग उठाना बार एसोसिएशन के लिए भी अब आसान काम हो गया है। बुद्धिजीवियों को कहना है कि सांभर को जिला बनाना है तो गैर राजनीतिक संगठन सांभर बार एसोसिएशन के बैनर तले इससे अच्छा प्लेटफार्म और कहीं नहीं मिल सकता है।

# 'डॉ. मनमोहन सिंह विद्वान, कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे'



कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से सादगी व ईमानदारी की मूर्ति, पूर्व प्रधानमंत्री, आर्थिक नीतियों से भारत को नई दिशा देने वाले डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया की महान अर्थशास्त्री,पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर अंबेडकर नगर, 200 फ़ीट बाईपास अलवर स्थित नव निर्मित कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जनों ने डॉ मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि करके श्रद्धासुमन अर्पित करें।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी विद्वान, कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे।उनकी दूरदर्शिता, दक्षता एवं आर्थिक नीतियों ने देश की प्रगति को नई दिशा दी, उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और विश्व पटल पर भारत को आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सूचना क्रांति, मनरेगा, किसानों की कर्जमाफी और शिक्षा के अधिकार जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए। उनके निधन से समस्त कांग्रेस परिवार सहित पूरे देश में एक ऐसा रिक्त स्थान हो गया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। योगेश मिश्रा के प्रस्ताव पर सभी कांग्रेसजनों ने डॉ. मनमोहन सिंह जी को भारत रत्न देने एवं स्मारक बनाने की मांग का समर्थन किया।और उनकी आत्मा की शान्ति के लिए 2 मिनिट का मौन रखा।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अजीत यादव, अशोक शर्मा, गिरीश डाटा, गफ़ूर खान, हीरेन्द्र शर्मा, फूलचंद शर्मा, रिपुदमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जे डी आर्यन, बनवारीलाल शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, शिवसहाय मीणा, नवीन शर्मा, शिवलाल गुर्जर, ओमप्रकाश सैन, जगदीश सिंघल, अनवर साजिद, पंकज शर्मा, अंकित गोयल , रामप्रकाश शर्मा, प्रशांत राजा, रिंकू, रवि मीणा, राकेश बैरवा, कमलेश सैनी, जीत कौर, बीना नरूका , बीना चावला ,बसमीना खान, राहुल पटेल, राजेश विरमानी, जयसिंह जाटव,दशरथ सिंह शेखावत,के के खंडेलवाल, डॉ हुकम सिंह, धर्मपाल नंगली, हरिराम जाटव ,डॉ. संदीप सैनी, बलबीर सिंह,खेमचंद महावर, मनीष कोली ,सुदर्शन अरोड़ा, के सी मीणा, गोपाल जायसवाल,अशोक नंदा, रामकिशन बैरवा, शिंभू सिंह , लोकेश कुमार, नागेन्द्र सिंह चौधरी, डॉ धर्म चन्द, अनिल कुमार , मुरलीधर शर्मा, जसमल खान ,अशरफ खान, योगेश शर्मा, अनिल चुग ,सुभान खान, संजय शुक्ला , बच्चू सिंह, रामकिशन जाजोरिया, रामराज मीणा, कुलदीप माथुर, अशोक सोनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहें।

### लाइसेंस शिविर का आयोजन

**पावटा।** उपखंड पावटा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व मे फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपूतली बहरोड के निर्देश पर केशव सागर धर्मशाला सुभाष चौक पावटा में फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।पावटा में आयोजित शिविर में 17 रजिस्ट्रेशन तथा तीन लाइसेंस जारी किए गए। खाद्य व्यवसाय खाद्य पदार्थों का निर्माण, भंडारण और परिवहन तथा वितरण करता है। विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी मेंटेन करने के लिए समय-समय पर खाद्य पदार्थों की क्वालिटी और स्टैंडर्ड की जांच की जाती है जिसे खाने में मिलावट की संभावना नहीं रहती और खाद्य पदार्थ उच्च मानक के रहते हैं। आयोजित कैंप में सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र गोयल, व्यापार मंडल सदस्य सुशील गोयल एवं विजय अग्रवाल एवं पुखराज उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 'मनुष्य के उद्धार के लिए धर्म और ज्ञान से बड़ा कोई दूसरा विकल्प नहीं'

**चाकसू।** कस्बे के परमाराध्य चम्पेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर कथाचार्य वैदिक अमिताचार्य ने विभिन्न प्रसंगों का शिवपुराणानुसार के अनुसार श्रवण करवाया।इस दौरान क्षेत्र विधायक रामावतार बैरवा भी समर्थकों के साथ कथा का आनंद लेने पहुंचे कथाचार्य वैदिक अमिताचार्य ने कथा में बताया कि भगवान शिव बुराई का विनाश करते हैं शुभ्रांत के प्रतीक है वे अपने माथे पर अर्धचंद्र को धारण करते हैं वह पार्वती के पति हैं वह सांसारिक बंधनों से मुक्त करते मनुष्य के उद्धार के लिए धर्म और ज्ञान से बड़ा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।धर्म को न मानने वाले लोग अधर्मी और अशुद्ध होते हैं। भगवान शिव की आराधना मनुष्य को मोक्ष प्रदान करती है। इसलिए समस्त मानव जाति को भगवान शिव की निर्मल मन से उपासना करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि पार्वती ने भगवान शिव से कहा कि आप परम तत्व के बारे में अवगत करवाएं।जिसकी शरण में जानें से मुक्ति मिल जाती हो। पार्वती की बात सुनकर भगवान शिव बोले कि हे देवी विज्ञान ही परम तत्व है और यह विज्ञान मनुष्य के अंतर्मन में ही विराजमान रहता है।मगर आज का इंसान सांसारिक मोह माया में उलझा हुआ है, जिसकी वजह से वो जीवन काल तक इधर से उधर भटकता रहता है। शिव शव को स्वीकार लेते हैं तथा शिव के आश्रय से शव भी शिव ही बन जाता हैं शिवा एवं शिव के ही जीवमात्र के संगी बनकर आत्मकल्याण करा देते हैं।

आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने के लिए सरकार के प्रमुख शासन सचिव राजस्व व विधायक को सौंपा ज्ञापन

### रास्ता खुलवाने की मांग

**शाहपुरा।** विराटनगर में स्थित खसरा नंबर 802, 804, 925, 2601, 2572,1304 सरकारी भूमि सार्वजनिक निर्माण विभाग पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटवाकर रास्ता खुलवाने के बाबत में शनिवार को मनोहर लाल सैनी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सरकार के प्रमुख शासन सचिव राजस्व को जयपुर पहुंच कर व विराटनगर विधायक को मौके पर ही बुलाकर ज्ञापन दिया और अतिक्रमण हटवाकर रास्ता खुलवाने की मांग की। प्रार्थी मनोहर लाल सैनी ने ज्ञापन में बताया है कि राजस्व गांव पापड़ी पटवार हल्का सोठाना तहसील विराटनगर जयपुर हाल जिला कोटपूतली बहरोड़ में राजस्व ग्राम पापड़ी के खसरा नंबर 802, 804, 925, 2601, 2572,1304 सार्वजनिक निर्माण विभाग गैर मुमकिन सरकारी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर रखा है। आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण से ढाणी नरियाला वासियों को आवागमन में काफी समस्या हो रही है। इसके अलावा स्कूल बस तथा हॉस्पिटल संबंधी कार्यों में चार पहिया वाहन नहीं जाने से आम जन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग विमल शर्मा, मामराज मीणा, ओंमकार गुर्जर, अंजू गुर्जर, सुल्तान गुर्जर, कल्लू राम सैनी, अर्जुन राम सैनी कमलेश सैनी सहित अन्य लोगों ने आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने व रास्ता खुलवाने की मांग की है।

### पोस्टर विमोचन

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज श्रीमाधोपुर की ओर से 29 दिसंबर को प्रस्तावित सैनी माली युवक युवती परिचय व स्नेह मिलन समारोह को लेकर जगह-जगह पोस्टर का विमोचन किया गया । ऑल इंडिया सैनी समाज के अध्यक्ष ललित कुमार सैनी ने बताया कि शुक्रवार को जगह-जगह गांवों. ढाणियों आदि में पोस्टर का विमोचन किया गया।आयोजन समिति के लोगों ने 29 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आग्रह कर रहे हैं।ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज श्रीमाधोपुर के जिला अध्यक्ष ललित कुमार सैनी, सैनी विकास समिति श्रीमाधोपुर के पी डी सैनी, राजस्थान प्रदेश माली महासभा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सैनी के तथावधान मेंश्रीमाधोपुर में आयोजित होने वाले युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं स्नेह मिलन समारोह कल 29 दिसंबर रविवार को लक्ष्मी मैरिज गार्डन गौशाला रोड श्रीमाधोपुर में आयोजित होने जा रहा है। सभी समाज बंधुओ से निवेदन है कि सुबह 11बजे अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### पंचायत ने लगाये कचरा पात्र, लेकिन कचरा संग्रहण की कोई व्यवस्था नही

**फुलेरा ।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा में प्रशासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सभी वार्डों में कचरा पात्र लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश तो दे दिया। परन्तु उक्त कचरा पात्रों में जमा कचरे के संग्रहण करते की कोई समुचित व्यवस्था नही की गई है। समाजसेवी सत्यनारायण कुमावत ने बताया कि क्षेत्र वासियों द्वारा अपने अपने घरों से साफ सफाई कर कचरा इन पात्रों में ही डाल रहे है। इसके चलते कचरे से लबालब भरे उक्त पात्रों को खाली करने के लिए पंचायत द्वारा कोई समुचित व्यवस्था नही होने से यह गन्दगी आम रास्तों में फैल जाती है। इतना ही नहीं रास्ते में फैला हुआ कचरा हवा में उड़कर स्थानीय कॉलोनी के घरों में पहुँच जाता है। इससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में पंचायत की सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि कचरा उठाने वाली गाड़ी का करार खत्म हो गया है। इस कारण यह समस्या आई है। अब कचरा संग्रहण के लिये वाहन हेतु शीघ्र ही निविदा जारी कर व्यवस्था की जायेगी।

### प्रतिनिधि सभा का आयोजन

**मालपुरा ।** पंचायत राज विभाग की महत्वपूर्ण शाखा राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ प्रदेश प्रतिनिधि सभा का शनिवार को महेश सेवा सदन मे हुआ आयोजन। प्रदेश प्रतिनिधि सभा मे संगठन के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने मौजूद ग्राम विकास अधिकारियो से जिलावार समस्याऐं सुन समस्याओं के समाधान के लिये सुचीबद्ध करते हुये जल्द राज्य सरकार की विभाग मंत्री से मिल समस्या समाधान का विश्वास दिलाया। तो साथ ही मौजूद ग्राम विकास अधिकारियो ने अधिकारियो द्वारा जबरन दबाव डालकर काम करवाने की नीति व ग्राम विकास अधिकारियो को दबाव मे लेने जैसी समस्याओं पर विशेष जोर देते हुये स्थाई समाधान की मांग की। तो उच्चाधिकारियो द्वारा अथवा आमजन द्वारा अभद्रता जैसी कार्यवाही होने पर ग्राम विकास अधिकारियो की सुरक्षा को लेकर ठोस कानून की भी मांग उठाई गई है। दो दिवसीय प्रदेश प्रतिनिधि सभा मे प्रदेश,जिला व विधानसभा सहित उपखण्ड स्तर तक के ग्राम विकास अधिकारियो ने भाग लिया। रविवार को सभा का दुसरा सत्र अविकानगर ऑडिटॉरियम हाल मे होगा।

रात्रि चौपाल में शामिल हुए विधायक मनीष यादव

### रात्रि चौपाल आयोजित

**शाहपुरा।** कांग्रेस विधायक मनीष यादव ग्राम पंचायत नवलपुरा में आयोजित रात्रि चौपाल में शामिल हुए। विधायक यादव व ज़िला कलेक्टर ने सुने ग्रामीणों के अभाव अभियोग। विधायक यादव ने ग्रामवासीयो से रूबरू होकर समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करवाकर अधिकारियों को तय समय सीमा में काम करने के निर्देश दिये।साथ ही आमजन से कार्यालयों में अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिये ज़िला कलेक्टर जितेंद्र सोनी शामिल हुए रात्रि चौपाल में ज़िला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्रामवसीयो के जन अभाव अभियोग सुनकर समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिये। रात्रि चोपल में प्रधान मंजु शर्मा, सरपंच सीता देवी, ज़िला परिषद सदस्य हरिनारायण, पंचायत समिति सदस्य बनवारी यादव, पूर्व ज़िला परिषद सदस्य महेंद्र चौधरी, उपेन यादव व समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व ग्रामवासी शामिल रहे।

### 'रुक्टा डेमोक्रेटिक' ने आयुक्त कॉलेज शिक्षा के आदेश का किया स्वागत

**जयपुर।** कॉलेज शिक्षा आयुक्त डॉ.ओम प्रकाश बैरवा ने ग्रीष्मावकाश में राजकार्य के लिए रोके जाने वाले अधिकारियों एवं कार्मिकों के उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने के लिए महाविद्यालय प्राचार्यों को अधिकृत किया है जिसका राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक ने स्वागत किया है, आयुक्त का आभार जताया है।संघ के प्रदेश संयोजक प्रो.रमेश बैरवा ने बताया है कि ग्रीष्मावकाश में संपादित किए राजकार्य के उपार्जित अवकाश के समय पर स्वीकृत नहीं होने से कॉलेज शिक्षक परेशान और चिंतित थे। दिनांक 26.12.2024 के आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेश में लिखा है कि सत्र 2023-24 के ग्रीष्म अवकाश में राजकार्य हेतु ठहराव के लिए उपार्जित अवकाश के ज्यादातर प्रकरण का निस्तारण कर दिया है।